# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2023

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका     वर्ष 12     अंक 45 (जनवरी, 2023)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**
**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन।

संस्थान में दिनांक 14 अक्टूबर, 2022 को आयुर्वेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला डॉ वीबी कुमावत, अनुसंधान अधिकारी(आयुर्वेद), महाराणा शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर ने रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के अलावा अन्य सहकर्मी भी उपस्थित थे। आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद@2047 कार्यक्रम के लिए केंद्रीय विषय 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' रखा गया है। इस कड़ी में संस्थान में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने की। 'आयुर्वेद, जीवन शैली तथा आहार नियम' विषयक अपने सारगर्भित व्याख्यान में मुख्य अतिथि डॉ वीबी कुमावत ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ रखने और अस्वस्थ व्यक्ति की चिकित्सा पद्धति का नाम है। इस अवसर पर उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बातों पर प्रकाश भी डाला। सायंकालीन सत्र में संस्थान परिसर के गाँधी हॉल में चिकित्सा शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ पीसी पंचारिया ने किया। चिकित्सा शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी में 300 से अधिक लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं प्राप्त की।

### ✓ विज्ञान भारती का 31वॉं स्थापना दिवस का आयोजन

संस्थान में दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 को विद्यार्थी-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम 'जिज्ञासा' के अंतर्गत सीएसआईआर-सीरी तथा सीरी विद्या मंदिर में 'मैं भी बनूँ कलाम' कार्यशाला एवं स्वदेशी विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित वैज्ञानिक संस्था 'विज्ञान भारती' का 31वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीएसआईआर के चांसलर एवं सीरी के पूर्व निदेशक डॉ. चंद्रशेखर (संप्रति-सलाहकार, बिट्स, पिलानी) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव एवं इंडियन नेशनल साइंस अकैडमी के कार्यपालक निदेशक डा. अरविद सी. रानाडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप में रूप से दीप-प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में विज्ञान की छोटी-छोटी बातों व घटनाओं का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विज्ञान को देखने-समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस विज्ञान यात्रा के दौरान हुई महत्वपूर्ण घटनाओं एवं पड़ावों तथा विश्व समुदाय पर उसके प्रभावों का भी उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविद सी. रानाडे, राष्ट्रीय सचिव, विज्ञान भारती एवं कार्यपालक निदेशक, इंडियन नेशनल साइंस अकैडमी ने अपने संबोधन में विज्ञान भारती की स्थापना, पृष्ठभूमि एवं लक्ष्यों से अवगत कराते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संस्थान के वैज्ञानिकों व शोधार्थियों को कणाद से कलाम तक सभी भारतीय मनीषियों व वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जिला स्तर पर आयोजित 'मैं भी बनूँ कलाम' तथा 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### ✓ फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में 2-31 अक्टूम्बर, 2022 (गाँधी जयंती एवं सरदार पटेल जयंती) के बीच की अवधि के दौरान 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0' कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की गई। इसके अंतर्गत संस्थान परिसर के अलावा, सीरी विद्या मंदिर एवं कॉलोनी परिसर में 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' एवं प्लॉग रन (जॉगिंग करते हुए स्वच्छता कार्य करना) आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया सहित, आयोजन के नोडल अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य सहकर्मियों अलावा सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गॉधी व शास्त्री जयंती पर 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' शपथ से हुआ। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने कॉलोनी परिसर में स्थित नेहरू पार्क में सभी उपस्थित सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को शपथ दिलाई।

### ✓ विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 का आयोजन

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के क्रम में सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 2 से 31 अक्टूबर, 2022 तक विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 चलाया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/समूहों के कार्मिकों द्वारा अपने-अपने सहयोगियों की मदद से अपने कार्य स्थल की स्वच्छता की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ ग्रहण से हुआ। संस्थान परिसर के नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित कॉलोनीवासियों से अनुरोध किया कि वे संस्थान परिसर को स्वच्छ रखने में अपना यथासंभव सहयोग दें। कुछ अनुभागों द्वारा वीडिंग आउट एवं निपटान समिति की उपस्थिति में अपने पुराने एवं अनुपयोगी अभिलेख/रिकॉर्ड की छँटाई एवं निपटान भी किया गया।

### ✓ विजन राजस्थान 2022 में सीएसआईआर ने जीती 'बेस्ट एग्जिबिटर' ट्रॉफी

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) ने राजस्थान सरकार द्वारा सिरोही में आयोजित 'विजन राजस्थान 2022 प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में भाग लिया। संस्थान ने राजस्थान की झलक दिखाती हुई इस प्रदर्शनी में अपनी कुछ प्रमुख प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया। पिलानी स्थित सीएसआईआर-सीरी और हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में स्थित सीएसआईआर-आईएचबीटी ने इस आयोजन में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शनी में 100 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और 7000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त श्री देवजी मानसिगराम, लोकसभा सांसद एवं जनप्रतिनिधियों सहित उद्योग और शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्तियों ने भी विज़न राजस्थान 2022 का दौरा किया।

## ✓ सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर डीएसटी-एसईआरबी कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (सर्ब) के सौजन्य से सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 8-19 नवम्बर, 2022 तक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी/एनआईटी सहित देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से एमएससी, एमटेक एवं पीएचडी कर रहे कुल 25 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में इन प्रशिक्षार्थियों को 'हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग-ऑन सेमीकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन' विषय पर विद्वान वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, इंजीनियरों आदि द्वारा विषय-केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एमएससी, एमटेक एवं पीएचडी शोध छात्रों को सेमीकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर विषय केंद्रित व्याख्यान एवं प्रशिक्षण देते हुए उन्हें इस विषय की अत्याधुनिक जानकारी देना और देश के लिए नवीन विशेषज्ञ तैयार करना है। संस्थान के निदेशक, डॉ. पी.सी. पंचारिया ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों व प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया साथ ही संस्थान के प्रमुख शोध क्षेत्रों से अवगत भी कराया। डीएसटी-एसईआरबी के सौजन्य से सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में सेमीकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन दिनांक 18 नवंबर, 2022 को हुआ।

## ✓ पद्मभूषण डॉ अमरजीत सिह मार्ग का शुभारंभ

सीरी-त्रिवेणी प्याऊ मार्ग का नाम संस्थान के प्रथम निदेशक एवं सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ अमरजीत सिह की स्मृति में 'पद्मभूषण डॉ अमरजीत सिह मार्ग' किया गया है। इस मार्ग का शुभारंभ/लोकार्पण कार्यक्रम डॉ अमरजीत सिह जी की जयंती पर दिनांक 19 नवंबर, 2022 को किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ चंद्रशेखर, संस्थान के निदेशक डॉ पीसी पंचारिया, समाजसेवी श्री रोहताश रिणवा, विद्या विहार नगर पालिका के उपाध्यक्ष श्री रोहिताश राठौड, पार्षद श्री महेन्द्र कुमार एवं श्रीमती अंबिका सोनी तथा संस्थान के अन्य वैज्ञानिक व सहकर्मी उपस्थित थे। मार्ग का लोकार्पण।शुभारंभ स्व. डॉ अमरजीत सिह के पुत्र श्री नरेंद्र सिह एवं पुत्र वधू की उपस्थिति में हुआ।

# पुरस्कार / सम्मान

### डॉ भाऊसाहेब अशोक बोले को राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 से सम्मानित

सीएसआईआर-सीरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ भाऊसाहेब अशोक बोले को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए गए उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया। डॉ बोले को यह पुरस्कार उनके द्वारा विकसित "ई असिस्ट ट्राइक" के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2022 के अवसर पर दिनांक 3 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा भेंट किया गया।

# समझौता ज्ञापन/एनडीए

1. **प्रौद्योगिकी :** आईओटी एनेबल्ड, स्मार्टफोन बेस्ड कॉल्पोस्कोप फॉर सर्वाइकल कैंसर एक्जामिनेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** डिवाइन मेडिटेक प्रा.लि.
**दिनांक** – 07 अक्टूबर, 2022

2. **प्रौद्योगिकी :** फॉर हनी एग्रीमेंट
**उद्योग/क्लाइंट :** क्युबॉइड आईओटेक प्रा.लि.
**दिनांक** – 17 अक्टूबर, 2022

3. **प्रौद्योगिकी :** टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फॉर माइक्रो पीसीआर विद डिस्पोजेबल सिस्टम
**उद्योग/क्लाइंट :** नेक्स्टजेन इन-विट्रो डायग्नोस्टिक प्रा.लि.
**दिनांक** – 28 अक्टूबर, 2022

4. **प्रौद्योगिकी :** मल्टी-पैरामीटर्स पेटेंट मॉनिटरिंग सिस्टम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फॉर माइक्रो पीसीआर विद डिस्पोजेबल सिस्टम
**उद्योग/क्लाइंट :** मेडीमाइनर्स इंडिया प्रा.लि.
**दिनांक** – 11 नवम्बर, 2022

5. **प्रौद्योगिकी :** स्मार्टफोन बेस्ड कॉल्पोस्कोप फॉर सर्वाइकल कैंसर एग्जामिनेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** टाटा मेडिकल एण्ड डायग्नोस्टिक लि.
**दिनांक** – 21 दिसम्बर, 2022

# फाइल किए गए पेटेन्ट

1. **शीर्षक :** ए मेथड ऑफ फैब्रिकैटिंग ए कॉन्टेक्ट लेस टेराहर्ट्ज़ मेम्स स्विच
**शोधकर्ता/लेखक :** दीपक बंसल,मनिन्दर कौर, अमित कुमार, प्रेम कुमार, महंथ प्रसाद
**फाइल करने की तिथि :** 21 दिसम्बर, 2022
**आवेदन सं. :** 202211074392

2. **शीर्षक :** इनोवेटिव आरएफ कपलिंग सिस्टम डिज़ाइन फॉर हाई पॉवर ट्रैवलिंग वेव ट्यूब
**शोधकर्ता/लेखक :** मुकेश कुमार आलड़िया, अमितावो राय चौधुरी, पवन पारीक, संजय कुमार घोष
**फाइल करने की तिथि :** 27 दिसम्बर, 2022
**आवेदन सं. :** 202211076053

3. **शीर्षक :** फ्लेक्सिबल एण्ड लीनियर कैपेसिटिव टैक्टिल सेंसर मैट्रिक्स एण्ड फेब्रिकेशन मेथड थेरिऑफ
**शोधकर्ता/लेखक :** थौटी ईश्वर, मोहम्मद फरमान, राहुल प्रजेश, आनंद कुमार उपाध्याय,
**फाइल करने की तिथि :** 27 दिसम्बर, 2022
**आवेदन सं. :** 202211076052

# शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **आयोजन :** बाल सृजनात्मकता एवं नव-प्रवर्तन दिवस (की-नोट व्याख्यान)
**स्थान :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग(उ.प्र.सरकार), लखनऊ,उत्तर प्रदेश
**दिनांक :** 15 अक्टूबर , 2022
**व्याख्यान का शीर्षक :** दिव्यांगों के लिए नवाचार
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता :** डॉ भाऊसाहेब अशोक बोले, प्रधान वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6वीं जॉइंट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मल्टीबॉडी सिस्टम डायनेमिक्स एण्ड 10वीं एशियन कॉन्फ्रेंस ऑन मल्टीबॉडी डायनेमिक्स (आईएमएसडीएसीएमडी-2022)
  **स्थान** – आईआईटी, दिल्ली
  **दिनांक** – 16-20 अक्टूबर, 2022
  **शोध पत्र** – यूएवी लैंडिग ऑन जनरल मूविग प्लेटफॉर्म विदाउट मार्कर्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री कौशल किशोर, वरिष्ठ वैज्ञानिक
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 14वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलिजेंट ह्यूमन-कम्प्यूटर इंटरेक्शन (आईएचसीआई-2022)
  **स्थान** – ताशकंद (उज्बेकिस्तान)
  **दिनांक** – 20-22 अक्टूबर, 2022
  **शोध पत्र** – गेज़ डिटेक्शन यूजिग एनकोडेड रेटिनोमॉर्फिक इवेंट्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री अबीर बनर्जी, पीएचडी छात्र
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई 19वीं इंडिया काउंसिल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (आईएनडीआईसीओएन - 2022)
  **स्थान** – कोची, केरल
  **दिनांक** – 24-26 नवम्बर, 2022
  **शोध पत्र** – परफॉर्मेन्स एनालिसिस ऑफ ग्रिड इंटीग्रेटेड ई-मोबिलिटी चार्जिंग नॉन-लीनियर कंट्रोल एल्गोरिथम
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री सुभाष कुमार राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 24वीं आईईईई इलेक्ट्रॉनिक्स पैकिग टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस (ईपीटीसी - 2022)
  **स्थान** – सिगापुर
  **दिनांक** – 07-09 दिसम्बर, 2022
  **शोध पत्र** – वेफर लेवल फैब्रिकेशन ऑफ सीएमयूटी यूजिग बॉन्डिग एण्ड इंटरकनेक्शन टेक्नीक विदाउट टीएसवी/टीजीवी
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. अदिति, प्रधान वैज्ञानिक
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग इलेक्ट्रॉनिक्स (आईईईई-आईसीईई - 2022)
  **स्थान** – बैंगलोर
  **दिनांक** – 11-14 दिसम्बर, 2022
  **शोध पत्र – 1.** फैब्रिकेशन एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ ए पाइरोलिटिक कार्बन फिल्म एज़ ए क्वासी रेफरेंस इलेक्ट्रोड फॉर मिनिएचराइज्ड बायो-इलेक्ट्रोकेमिकल एप्लीकेशंस
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. पिजुस कुंडू, प्रधान वैज्ञानिक
  **शोध पत्र – 2.** इम्प्रूवमेंट इन परफॉर्मेंस ऑफ InGaN MQWs LEDs यूजिग $InxGa_{(1-X)}N/In_yGa_{(1-y)}N$ चिरप्ड क्वांटम बैरियर्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री इंद्राणी मजूमदार, पीएचडी छात्रा
  **शोध पत्र – 3.** इफेक्ट ऑफ इंडियम कम्पोजीशन इन क्वांटम बैरियर ऑन परफॉर्मेंस ऑफ InGaN/InGaN लेजर डायोड इमिटिग एट 410nm
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री कशिश सपरा, पीएचडी छात्र
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – माइक्रोवेव, एन्टेना एण्ड प्रोपगेशन कॉन्फ्रेंस (आईईईई मैपकॉन - 2022)
  **स्थान** – बैंगलोर
  **दिनांक** – 12-15 दिसम्बर, 2022
  **शोध पत्र – 1.** इन्वेस्टिगेशन इनटू ए सी-बैंड प्रोब-फेड एसिमेट्रिक सर्कुलर माइक्रोस्ट्रिप एन्टीना विद इंप्रूव्ड रेडिएशन कैरेक्टरिस्टिक्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री शुभ्रदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ वैज्ञानिक
  **शोध पत्र – 2.** एनालिसिस ऑफ फ्रीक्वेंसी शिफ्ट ड्यू टू द मिसएलाइन्मेंट ऑफ अपर एण्ड लोवर प्लेट्स ऑफ डब्ल्यू-बैंड प्लानर इंटरैक्शन स्ट्रक्चर
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री मोनोदीपा सरकार, पीएचडी छात्रा
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इन एशिया - 2022 (आईयूएमआरएस-आईसीए-2022)
  **स्थान** – आईआईटी- जोधपुर
  **दिनांक** – 19-23 दिसम्बर, 2022
  **शोध पत्र – 1.** लेजर एब्लेटेड नैनोपार्टिकल्स फॉर द डेवलपमेंट ऑफ हेटेरोजंक्शन बेस्ड मेटल ऑक्साइड फार्मेल्डिहाइड सेंसर्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री सुरजीत दास, तकनीकी अधिकारी
  **शोध पत्र – 2.** इनफ्लुएंस ऑफ माइक्रो-डोम स्ट्रक्चर डायमीटर एण्ड इंटर-माइक्रो-डोम स्पेसिग ऑन फ्लेक्सिबल कैपेसिटिव प्रेशर सेंसर : ए सिमुलेशन स्टडी
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री मोहम्मद फरमान, एसआरएफ
  **शोध पत्र – 3.** सरफेस एकॉस्टिक वेव बेस्ड ओजोन सेंसर यूजिग फंक्शनल आईटीओ थिन फिल्म्स
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री सौरभ कुमार गुप्ता, जेआरएफ
  **शोध पत्र – 4.** ZnO/BST बाईलेयर फिल्म बल्क एकॉस्टिक वेव रेज़ोनेटर विद लार्ज बैंडविड्थ
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री विनीता, पीएचडी छात्रा
  **शोध पत्र – 5.** फाइनाइट एलिमेंट सिमुलेशन फॉर थर्मल एनालिसिस ऑफ एआईएन पायरोइलेक्ट्रिक मेम्स इंफ्रारेड डिटेक्टर
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री रानू, परियोजना सहयोगी - I
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 5वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांस इन इंजीनियरिग (टीईसीएचएनओवीएटीआईओएन-2022)
  **स्थान** – जयपुर
  **दिनांक** – 23-24 दिसम्बर, 2022
  **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ मल्टीफंक्शनल इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग सिस्टम फेड फ्रॉम पीवी इंटीग्रेटेड विद सिगल फेज ग्रिड
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री वेंकट किशोर पोडामेकला, अनुसंधान प्रशिक्षु

## कौशल विकास कार्यक्रम / जिज्ञासा कार्यक्रम

✓ **कौशल विकास/जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक दौरा**

| क्र.सं. | स्कूल/कॉलेज का नाम | दिनांक | छात्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | विकास पब्लिक माध्यमिक स्कूल, केहरपुरा, झुंझुनूं | 21.10.2022 | 65 |
| 2. | राकेश महाविद्यालय, पिलानी | 20.12.2022 | 90 |
| 3. | नवोदय स्कूल, काजड़ा | 20.12.2022 | 30 |

कौशल विकास कार्यक्रम एवं जिज्ञासा के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संस्थान के महत्वपूर्ण

शोध कार्यों की जानकारी दी गई और प्रयोगशालाओं/विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी मौखिक परीक्षा**

**1. विषय :** मशीन लर्निंग टेक्निक्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक नोज सिस्टम्स
**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री विशाखा पारीक, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा
**दिनांक :** 07 नवम्बर, 2022

**2. विषय :** डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ GaN HEMT बेस्ड सेंसर
**प्रस्तुतकर्ता :** श्री शिवांशु मिश्रा, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
**दिनांक :** 13 दिसम्बर, 2022

**3. विषय :** डिजाइन ऑफ न्यूरोमॉर्फिक सर्किट फॉर डाटा कन्वर्जन रीडआउट एण्ड डिजिटल प्रोसेसिग
**प्रस्तुतकर्ता :** श्री नवीन सिघल, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
**दिनांक :** 20 दिसम्बर, 2022

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकल एवं समेकित कर जुलाई-सितम्बर, 2022 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 17 अक्टूबर, 2022 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जुलाई-सितम्बर, 2022 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों व सीएसआईआर मुख्यालय एवं संबद्ध प्रयोगशालाओं को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ **प्रकाशन कार्य**

राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 11, अंक 44 (अक्टूबर, 2022)

## प्रशासनिक समाचार

➢ **सेवानिवृत्तियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री महावीर वर्मा, टी-मेकर | 31.10.2022 |
| 2. | श्री प्रेम लाल, एमटीएस | 31.10.2022 |
| 3. | श्री आर.के. सोनानिया, वरिष्ठ तकनीशियन (2) | 31.12.2022 |

➢ **संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी /कार्मिक**


| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीकांत शर्मा, अनुभाग अधिकारी | 18.11.2022 |
| 2. | श्री जगबीर सिह डाबास, वि. एवं ले. अधिकारी | 01.12.2022 |
| 3. | श्री एल. एन. खोंगशाई, अनुभाग अधिकारी | 09.12.2022 |

➢ **संस्थान में स्थानांतरण होकर आए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष चंद्र, भ. एवं क्र. अधिकारी | 10.11.2022 |
| 2. | श्री बालू राम सैनी, अनुभाग अधिकारी | 22.11.2022 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)





आयुर्वेद प्रदर्शनी एवं चिकित्सा शिविर का उद्घाटन एवं उसके बाद अवलोकन करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




मुख्य अतिथि संबोधन देते हुए डॉ. चंद्रशेखर, पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




आजादी का अमृत महोत्सव पुस्तक 'स्ट्रगल फॉर स्वतंत्रता थ्रू साइंस' का विमोचन करते हुए अतिथिगण







मार्शल आर्ट के छात्रों को फिट इंडिया फ्रीडम रन के बारे में बताते हुए संस्था न के अधिकारी एवं दौड़ में भाग लेते हुए प्रतिभागी






संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान 2.0 में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान के सहकर्मी एवं मार्शल आर्ट के छात्र



माननीय सांसद से बेस्ट एग्जिबिटर ट्रॉफी प्राप्त करते हुए डॉ. विजय चटर्जी एवं श्री ज्ञान सिह मीणा

प्रदर्शनी में आगंतुकों को संस्थान के उत्पादों व प्रौद्योगिकियों की जानकारी देते हुए डॉ. विजय चटर्जी




कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक सीएसआईआर-सीरी



सीरी-त्रिवेणी प्याऊ मार्ग का नाम संस्थान के प्रथम निदेशक डॉ अमरजीत सिह की स्मृति में "पद्मभूषण डॉ अमजीत सिह मार्ग" किया गया।




महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी से सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ भाऊसाहेब अशोक बोले, प्रधान वैज्ञानिक

**राष्ट्रभाषा हिंदी का किसी क्षेत्रीय भाषा से कोई संघर्ष नहीं है।**

**- अनंत गोपाल शेवड़े**